जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.rajasthan.gov.in

क्रमांक :-JDA/OSD(RM)/24-25/D- दिनांक :-

विज्ञप्ति

अटल विहार एवं गोविन्द विहार आवासीय योजनाओं के भूखण्डों के लॉटरी से आवंटन हेतु जारी आवेदन प्रक्रिया एवं नियम व शर्तों की आवेदन पुस्तिका में निम्नानुसार संशोधन (Amendment) /विलोपन(Deletion) किया जाता है:-

1. आवेदन पुस्तिका की सामान्य शर्तों के बिन्दु संख्या 1.16 व 6.4 में उल्लेखित आवंटन-मांगपत्र जारी होने की तिथि के स्थान पर आवंटन-मांगपत्र प्राप्त होने की तिथि पढ़ा जाएँ।
2. आवेदन पुस्तिका की पात्रता के बिन्दु संख्या 3.4 एवं 3.5 को विलोपित (Delete) किया जाता है।
3. आवेदन पुस्तिका के अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बिन्दु संख्या 10.3 में भूखण्ड आवंटन के 5 वर्ष की अवधि को कब्जा पत्र जारी होने की तिथि से 07 वर्ष पढ़ा जाएँ।
4. आवेदन पुस्तिका के परिशिष्ट I को निम्नानुसार प्रतिस्थापित (Substitute) किया जाता है:-

परिशिष्ट– I
स्वप्रमाणित

(समस्त आवेदकों के लिए)

मैं ....पुत्र/पत्नि/पुत्री .... आयु.......................... निवासी .... शपथ पूर्व घोषणा करता/करती हूँ, कि

(1) मैं राजस्थान का/ की मूल (बोनाफाईड) निवासी हूँ।

(2) यह कि आवेदन पुस्तिका को मैंने ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है तथा मैं अपने आय वर्ग अनुसार निर्धारित श्रेणी में ही आवेदन कर रहा/रही हूँ, जिस हेतु आवेदन प्रमाण पत्र जब भी मुझसे मांगे जाएगे मैं प्रस्तुत कर दूँगा/कर दूँगी।

(3) यह कि मैंने **सामान्य/आरक्षित श्रेणी (राजस्थान राज्य कर्मचारी/सैनिक/अनु0जाति/अनु0जनजाति/विकलांग/अधिस्वीकृत पत्रकार)** में आवेदन किया है जिसकी मैं पात्रता रखता/रखती हूँ। इस सम्बन्ध में प्रमाण पत्र जब भी मुझसे मांगे जाएगे, मैं प्रस्तुत कर दूँगा/कर दूँगी।

(4) उक्त वांछित प्रमाण पत्र निर्धारित अवधि में प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में मुझे आवंटित भूखण्ड निरस्त किया जा सकेगा।

हस्ताक्षर शपथगृहीता

RajKaj Ref No.: 12868497

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.rajasthan.gov.in

घोषणा

मैं .... पुत्र/पत्नि/पुत्री श्री ....शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ, कि उपर्युक्त सूचना मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है। गलत घोषणा पत्र प्रस्तुत करने पर मेरे विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक के हस्ताक्षर

नोटः- अटल विहार (रेरा रजिस्ट्रेशन न. RAJ/P/2023/2361) एवं गोविन्द विहार (रेरा रजिस्ट्रेशन न. RAJ/P/2023/2587) आवासीय योजनाओं के आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 07 फरवरी, 2025 तक बढ़ाई जाती है। अटल विहार की लॉटरी तिथि 14 फरवरी, 2025 एवं गोविन्द विहार की लॉटरी तिथि 20 फरवरी, 2025 निर्धारित की जाती है।

रेरा वेबसाईटः- http://rera.rajasthan.gov.in

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

निदेशक (वित्त)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. **जनसम्पर्क अधिकारी, जविप्रा को प्रेषित कर लेख है कि उपर्युक्तानुसार समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया में प्रेस नोट के माध्यम से प्रकाशित कराएँ।**
2. **सिस्टम एनालिस्ट को प्रेषित कर लेख है कि उपर्युक्तानुसार संशोधन एवं तदनुसार उक्त सूचना ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में सम्मिलित कराएँ।**
3. **उपायुक्त जोन - 10 एवं 12 जविप्रा, जयपुर।**

Document certified by onkarmal rajotiya <onkarrajotiya@gmail.com>.

Digitally Signed by
OMKARMAL RAJOTIYA
Designation : Director
Date :08-01-2025 11:28:07

RajKaj Ref No.: 12868497